राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 07 नवम्बर, 2024

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को राजकीय स्कार्फ तथा फ्लैग स्टीकर पहनाया। इस दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को अपनी भावी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्काउट्स एवं गाइड्स में शामिल हो, जिससे उनमें अनुशासन और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा, इस हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। राज्यपाल ने आपदा और अन्य चुनौतियों के दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स के योगदान के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिनिधिमंडल देहरादून की प्रादेशिक मुख्य आयुक्त श्रीमती सीमा जौनसारी, प्रादेशिक सचिव श्री रविंद्र मोहन काला, प्रशासनिक अधिकारी श्री बी.एस. रावत, जिला सचिव देहरादून श्री अजय शेखर बहुगुणा, सुश्री विमला पंत एवं राहुल रतूड़ी उपस्थित थे।

............0............